वेम्बनाड झील

[स्रोत: द हिंदू](#)

केरल में अलपप्पुझा ज़िला प्रशासन वेम्बनाड झील **पुनरुद्धार परियोजना** के तहत एक **मेगा प्लास्टिक सफाई अभियान शुरू करेगा।** इस पहल का उद्देश्य **झील,** एक रामसर स्थल और भारत की **दूसरी सबसे बड़ी** आर्द्रभूमि प्रणाली, के स्वास्थ्य को बहाल करना है।

- अतिरिक्त प्रयासों में **जैव-शील्ड की स्थापना, वेम्बनाड झील इंटरप्रटेशन सेंटर की** स्थापना, **यार्न संग्रहालय**, **बोतल बूथ**, **सामुदायिक पर्यटन को बढ़ावा देना** और **मत्स्य बीज का भंडारण शामिल है।**
  - झील संरक्षण के महत्त्व पर बल देने के लिये **मछुआरों, हाउसबोट कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के लिये जागरूकता कार्यक्रम** आयोजित किये जाएँगे।
- वर्ष 2023 के एक अध्ययन से पता चला है कि वेम्बनाड झील की स्थिति खराब हो गई है, जिससे लगभग 80 लाख लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। वर्ष **1990 से वर्ष 2020 तक झील की जलधारण क्षमता में 85.3% की गिरावट आई है।**
- **वेम्बनाड झील:** वेम्बनाड, **केरल की सबसे बड़ी और भारत की सबसे लंबी झील है।**
  - वेम्बनाड-कोल भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर **सबसे बड़ा खारा, आर्द्र उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र है।** यह 10 नदियों से पोषित है, जो पश्चिमी तट पर वृहद मुहाना प्रणालियों की विशेषता है।
  - वर्ष 2002 में वेम्बनाड को **अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के रामसर वेटलैंड के रूप में नामित किया गया था।**
  - इसे भारत सरकार के राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम में भी शामिल किया गया है।
  - **कुमरकुम पक्षी अभयारण्य,** जिसे वेम्बनाड पक्षी अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है, झील के पूर्वी तट पर स्थित है।

//

और पढ़ें: [वेम्बनाड झील: केरल]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vembanad-lake-1